PUBLICATION NAME :	Gujarat Vaibhav
EDITION :	Ahmedabad
DATE :	17/01/2023
PAGE :	12

स्टार्टअप्स के लिए सानुकूल ईको सिस्टम का निर्माण करने के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध : हर्ष संघवी

अहमदाबाद। आज स्टार्टअप दिवस पर आंत्रप्रिन्योरशिप डवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, भाट में नेशनल वार्षिक स्टार्टअप समिट-2023 एम्प्रेसेरियो' का उद्योग राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने उद्घाटन किया। हर्ष संघवी ने कहा कि स्टार्टअप्स के लिए सानुकूल ईको सिस्टम का निर्माण करने के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध है। आगामी दिनों में गुजरात स्टार्टअप क्षेत्र में विश्व के स्टार्ट अप इनोवेटर्स की पहली पसंद बनेंगे। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की सुदृढ़ नीतियों, मजबूत संस्थाकीय व्यवस्थापन और निजी क्षेत्र की गतिशील भागीदारी के परिणाम स्वरूप आज गुजरात देश के सबसे अधिक प्रगतिशील स्टार्टअप स्थलों में से एक है। स्टेम्प इंडिया और स्टार्टअप इंडिया योजनाएं 2016 से शुरू की गई थीं और अब तक 80 हजार से अधिक स्टार्टअप्स पंजीकृत हुए हैं। 100 से अधिक युनिकोर्न तैयार हुए हैं। इन स्टार्टअप में 48 प्रतिशत से अधिक महिलाएं शामिल हैं, जो गौरव की बात है। मंत्री ने कहा कि स्टार्टअप के लिए सानुकूल ईको सिस्टम तैयार हो इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जरूरी नियमों और प्रावधानों में फेरबदल किया गया है।